# नेशनल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड

नेशनल इन्श्योरेन्स National Insurance

(भारत सरकार का उपक्रम)

देहरादून क्षेत्रीय कार्यालयः जय प्लाज़ा, 56, राजपुर रोड, देहरादून–248001 (उत्तराखण्ड)

## लीज/किराए पर परिसर की अवश्यकता हेतु

नेशनल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड बरेली में 15 वर्ष (5+5+5) की अवधि के लिए किराया आधार पर शाखा कार्यालय परिसर (निर्माण मानक प्रथम श्रेणी ) के लिए वाणिज्यिक स्थल अधिग्रहीत करने की इच्छुक है और उसके लिए सीलबंद ऑफर (तकनीकी बोली+ वित्तीय बोली) आंमत्रित करती है।

**तकनीकी विशिष्टियां**

| | |
|---|---|
| अपेक्षित स्थान का कार्पेट एरिया 1100 वर्गफीट | कार्पेट एरिया अंदरूनी एरिया होगा जिसमें टॉयलेट, बालकोनी, वरांडा, पोर्टिकों, पिलर, जीना, रास्ता, किचेन, गैराज, शेल्फ शामिल नहीं हैं। पेय जल आपूर्ति तथा 3 फेस बिजली कनेक्शन कब्जा प्राप्त करने के लिए तैयार स्थिति में |
| अवस्थितियां जिनको प्राथमिकता दी जाएगी | राजेन्द्र नगर/ पीलीभीत बाईपास, बरेली |
| तल (फ्लोर) प्राथमिकता जहां स्थान चाहिए | प्रथम तल अथवा उच्चतर तल जिसमें पावर बैकअप सहित लिफ्ट सुविधा उपलब्ध हो |
| 24 घंटे जल आपूर्ति सहित टॉयलेट्स की न्यूनतम संख्या | 2 (एक महिलाओं के लिए) |
| बिजली आपूर्ति | 24 घंटे – 3 फेस लाइन |
| पार्किंग सुविधा | 2 कार और 10 दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग की जगह |

संपति के लिए स्पष्ट शीर्षक रखने वाले इच्छुक मालिको से अनुरोध है कि तकनीकी बिड तथा वित्तीय बिड प्रपत्र एवं दिशानिर्देशों हेतु दो निविदा दस्तावेजों का एक सेट देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय या नेशनल इश्योरेन्स कं0 लि0, मंडल कार्यालय,179 सिविल लाईन स्टेशन रोड, ओपोजिट पंचम होटल, बरेली यू.पी. 243001 (शनिवार, रविवार तथा सार्वजनिक अवकाश दिवसों को छोड़कर) को 31.07.2017 से 09.08.2017 तक पूर्वा. 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.nationalinsuranceindia.com से डाउनलोड भी किए जा सकते हैं। विधिवत भरे गए निविदा प्रपत्र, तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड क्रमशः शीर्षांकित पृथक मोहरबंद लिफाफे में रखे जाने चाहिए तथा ये दोनों लिफाफे **"कार्यालय परिसर बरेली शाखा कार्यालय" शीर्षांकित एक बड़े लिफाफे में रखकर उपरोक्त प्रेषित किए जाने चाहिए, जो केवल ऊपर वर्णित देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय के पते पर श्री एस.के. तिवारी क्षेत्रीय प्रबंधक संपदा विभाग के नाम पर हो दिनांक 16.08. 2017 को सांय 4:00 बजे तक** पंजीकृत डाक/स्पीट पोस्ट/रिकॉर्ड डिलीवरी/ कोरियर द्वारा तथा पूर्व, बिल्डिंग के विधिवत अनुमोदित प्लान, स्वामित्व विलेख, लेआउट इत्यादि सहित पहुंच जाने चाहिए। कम्पनी के पास कोई भी कारण बताए बगैर, किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। किसी भी रूप में पक्ष–प्रचार निविदा के लिए अयोग्यता माना जाएगा।

1. दलाल (ब्रोकर्स) आवेदन न करें।
2. किरायायोग्य एरिया का अर्थ भारतीय मानक 3861–1975 के अनुसार एरिया है, जिसकी प्रति निविदा प्रपत्र जारीकर्ता कार्यालय में संदर्भ के लिए उपलब्ध है।

**मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक**